33

संoसंo– 9/ए0–01–01/2025–

**बिहार सरकार**

**जल संसाधन विभाग**

# प्रेस विज्ञप्ति

**MJC No-1789/2025, MJC No-1401/2025** एवं **MJC No-1763/2025** तथा अन्य सदृश्य वादो में माननीय उच्च न्यायालय पटना द्वारा दिनांक–29.08.2025 को पारित न्यायादेश के अनुपालन में विज्ञापन संख्या–02/2017 के अंतर्गत बिहार लोक सेवा आयोग, पटना के पत्रांक–07ए/स०अभि०(असैनिक) 01–03/2019{06} लो०से०आ०/गो0 दिनांक–04.09.2025 एवं पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–7824(एस0) दिनांक–08.09.2025 से प्राप्त अनुशंसा के आलोक में जल संसाधन विभाग, पटना के अधिसूचना–4331 दिनांक–10.09.2025 के द्वारा **मानसी प्रजापति (संयुक्त मेघा क्रमांक 2129, रौल न0 209361)** की नियुक्ति सहायक अभियंता (असैनिक) के पद पर करते हुए 15 दिनों के अन्दर योगदान करने का निदेश दिया गया था।

विभागीय अधिसूचना–4331 दिनांक–10.09.2025 के कंडिका–06 में निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत विभाग में योगदान नहीं कर योगदान निमित्त एक (01) माह के अवधि विस्तार हेतु अभ्यावेदन समर्पित किया गया, जिसके आलोक में विभागीय पत्रांक–4850 दिनांक–22.10.2025 द्वारा द्वारा योगदान करने निमित्त एक (01) माह का अवधि विस्तार प्रदान किया गया, परंतु मानसी प्रजापति द्वारा योगदान नहीं कर पुनः योगदान निमित्त दिनांक–10.03.2026 तक अवधि विस्तार/समय की मांग की गयी। तदोपरांत विभागीय पत्रांक–1096 दिनांक–27.02.2026 द्वारा दिनांक–10.03.2026 तक अवधि विस्तार प्रदान करते हुए योगदान करने हेतु निदेशित किया गया, परंतु योगदान नहीं किया गया। पुनः विभागीय पत्रांक–2190 दिनांक–18.05.2026 द्वारा अवसर प्रदान करते हुए एक पक्ष के अन्दर योगदान करने हेतु निदेशित किया गया, फिर भी योगदान नहीं किया गया है।

अतएव **मानसी प्रजापति (संयुक्त मेघा क्रमांक 2129 एवं रौल न0 209361), पिता–नवीन कुमार प्रजापति, पता–टी0–21/22 आकाश गंगा अपार्टमेंट ब्लाक–बी0, फ्लॉट नं0–08, प्रथम तल, तिघोरिया मेन रोड, थाना–बागुइराटी, पो0–हथियारा, जिला–कोलकता, राज्य–पश्चिम बंगाल, पिन–700059** को अंतिम अवसर प्रदान करते हुए निदेशित किया जाता है कि विभागीय अधिसूचना–4331 दिनांक–10.09.2025 द्वारा सहायक अभियंता (असैनिक) के पद पर की गयी नियुक्ति के आलोक में विभाग में एक पक्ष के अन्दर योगदान करना सुनिश्चित करे। उक्त निर्धारित अवधि तक योगदान नहीं करने पर सहायक अभियंता (असैनिक) के पद पर की गयी नियुक्ति को समाप्त कर दी जायेंगी।

ह0/–
(संजय कुमार)
उप सचिव–01 (प्रबंधन)

ज्ञापांक– सं0सं0– 9/ए0–01–01/2025– 3493. पटना/दिनांक– 05/08/2026

प्रतिलिपि– निदेशक, सूचना एवं जन–सम्पर्क विभाग, बिहार, पटना/जन सम्पर्क पदाधिकारी, जल संसाधन विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

अनुरोध है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को राज्य एवं राज्य के बाहर के महत्वपूर्ण समाचार पत्रों में प्रकाशित कराने की कृपा की जाए।

Sanjay 05/08/26
उप सचिव–01 (प्रबंधन)

slp-22323/23@AE appointment ltrs&orders